छात्रों को मातृभाषा का महत्व बताया

देवबंद। क्षेत्र के गांव कपूरी गोविंदपुर स्थित राजकीय मॉडल महाविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अभियान एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत मातृ भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के मध्य वाद विवाद व समूह परिचर्चा भी आयोजित की गई।

गुरुवार को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा.विपिन कुमार गिरि ने मातृ भाषा के महत्त बताते हुए विद्यार्थियों से इसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्राध्यापक डा.लता शर्मा और डा. अरविंद कुमार ने मातृ भाषा को रोजगार परक बनाए जाने की विस्तार से जानकारी दी। डा.मदनपाल सिंह ने कहा कि मौलिक चिंतन अपनी मातृ भाषा में करना ही सहज होता है। धीर सिंह ने कहा कि ज्ञान भाषा की सीमा से परे है। छात्रों ने वाद विवाद प्रतियोगिता और समूह परिचर्चा में भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया।